देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 181 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...तीन फीसदी रिटर्न




# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 20 अक्टूबर 2020




मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 सैनिक पर नरम पड़ा चीनी मीडिया

7 केएल राहुल के नाम खास उपलब्धि

## संक्षिप्त समाचार

### कमलनाथ के खिलाफ भाजपा नेताओं मौन उपवास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी की नेता इमरती देवी पर पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता कमलनाथ की अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा नेता श्मौन उपवासश पर बैठे। भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और इंदौर में राज्यसभा सदस्य सिंधिया ने धरना दिया। सोमवार को इंदौर में गांधी प्रतिमा पर सिंधिया ने कमलनाथ के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर बैठी थीं। सिंधिया ने पहले गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए, फिर वो मंच पर आए। मंच पर लगे तख्त के बजाए सिंधिया नीचे ही बैठ गए।

### भारत में कोरोना के नए मामले तेजी से घटे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के नए मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। बीते 24 घंटों में भारत में कोरोना के नए मामले तेजी से घटे हैं। इसके साथ ही कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। अब तक साढ़े 66 लाख से ज्यादा लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 55,722 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 579 लोगों की कोरोना वायरस से मौत हो चुकी है।

### चुनावी रैलियों में बड़े नेताओं को निशाना बना सकते आंतकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर यह बड़ी खबर है। राज्य में वीआइपी नेताओं के मूवमेंट के दौरान हमले की आशंका को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने हाई अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय ने इससे संबंधित आदेश सभी रेंज आइजी, डीआइजी व जिलों के एसपी को जारी कर दिया है। विदित हो कि बिहार में चुनाव प्रचार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई हाई प्रोफाइल नेता आने वाले हैं।

# उत्तराखण्ड के उत्पादों का बनेगा अम्ब्रेला ब्रांड

## मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में ग्रोथ सेंटरों की समीक्षा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उत्तराखण्ड के उत्पादों के लिए एक अम्ब्रेला ब्रांड बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। सभी ग्रोथ सेंटर, बिक्री और मुनाफे का लक्ष्य निर्धारित कर काम करें। जिलाधिकारी ग्रोथ सेंटरों में स्वयं जाकर वहां आने वाली समस्याओं का निस्तारण करें। इनके उत्पादों की ऑनलाईन मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। स्थानीय बाजारों पर भी फोकस किया जाए। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत सचिवालय में ग्रोथ सेंटरों की समीक्षा कर रहे थे।

**ग्रोथ सेंटरों से जुड़े लोगों का स्किल डेवलपमेंट हो:** थानो व कोटाबाग के एलईडी ग्रोथ सेंटरों को क्वालिटी डिजायनर उपलब्ध कराए जाएं। हरिद्वार का प्रसाद निर्माण से जुड़ा सेंटर आगामी कुम्भ को देखते हुए अपनी तैयारियां करे। सभी ग्रोथ सेंटरों से जुड़े लोगों के स्किल डेवलपमेंट की भी व्यवस्था की जाए।

> *ग्रोथ सेंटरों से जुड़े लोगों विशेषतौर पर महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। इस आत्मविश्वास को और बढ़ाना है।* – **मुख्यमंत्री**

**ग्रोथ सेंटर आत्मनिर्भर भारत और वोकल फोर लोकल का अच्छा उदाहरण:** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रोथ सेंटरों से जुड़े लोगों विशेषतौर पर महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। इस आत्मविश्वास को और बढ़ाना है। जिलाधिकारी ग्रोथ सेंटरों में खुद जाकर वहां आने वाली समस्याओं का निस्तारण करें। ग्रोथ सेंटर आत्मनिर्भर भारत और वोकल फोर लोकल का अच्छा उदाहरण हैं।



सचिवालय में ग्रोथ सेंटरों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री।

**उत्तराखण्ड के उत्पादों के लिए एक अम्ब्रेला ब्रांड बने:** मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड के उत्पादों के लिए एक अम्ब्रेला ब्रांड बनाया जाए। इसके अंतर्गत अन्य ब्रांड भी चलते रहेंगे। इसके लिए दक्ष विशेषज्ञों की सहायता ली जाए। इसके लिए उत्तराखण्ड के उत्पादों की विशेषता, सम्भावित मार्केट आदि का पूरा अध्ययन किया जाए। ब्रांड का नाम इस प्रकार हो जिसमें उत्तराखण्ड की फीलिंग आए। उद्योग विभाग इसे क्रियान्वित करेगा।

foLr`r [kcj i`t 8 ij---



### नियमित बिक्री की व्यवस्था हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रोथ सेंटरों के उत्पादों की सीजनल ही नहीं बल्कि नियमित बिक्री सुनिश्चित की जाए। आसपास के कुछ ग्रोथ सेंटरों को मिलाकर एक पिकअप वाहन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा सकती है। इससे यातायात लागत कम होगी।

# एशिया का चौथा सबसे ताकतवर देश है भारत

## रिपोर्टः चीन को पीछे छोड़ने के लिए और करना होगा इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एशिया के सबसे ताकतवर देशों की सूची में भारत को चौथा स्थान मिला है। सिडनी के लोवी इंस्टिट्यूट ने एशिया पावर इंडेक्स 2020 में अमेरिका को लिस्ट में टॉप पर रखा है। हालांकि एशिया पैसिफिक क्षेत्र में उसकी पकड़ ढीली हो रही है और चीन का शिकंजा बढ़ रहा है।

रिपोर्ट में अमेरिका, चीन और जापान के बाद भारत का नंबर है। लोवी इंस्टिट्यूट ने कहा है कि भारत ने कोरोना के चलते मौका गंवा दिया और वह रणनीतिक रूप से भी चीन से पिछड़ रहा है। संस्थान का अनुमान है कि भारत को चीन के आर्थिक आउटपुट के 40 प्रतिशत तक पहुंचने में अभी 10 साल और लगेंगे। पिछले साल का अनुमान था कि भारत 2030 तक चीन के आर्थिक आउटपुट के 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

### एशिया में सबसे ज्यादा ताकतवर कौन?

1. अमेरिका
2. चीन
3. जापान
4. भारत
5. रूस



6. ऑस्ट्रेलिया
7. दक्षिण कोरिया
8. सिंगापुर
9. थाईलैंड
10. मलेशिया

**बाकी अर्थव्यवस्थाएं हांफ रहीं, चीन की ट्रैक पर:** स्टडी के रिसर्च चीफ हर्वे लेमाहियु ने कहा कि इसकी वजह से क्षेत्र में भारत के महाशक्ति बनकर उभरने में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि भारत विकास की चुनौतियों में उलझा रहेगा। लोवी इंस्टिट्यूट का अनुमान है कि चीन एक दिन अमेरिका के बराबरी में आ जाएगा और उससे आगे भी निकल सकता है। स्टडी कहती है कि एक तरफ अमेरिका की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लौटने में 2024 तक का वक्त लगेगा। वहीं, चीन की अर्थव्यवस्था काफी हद तक कोरोना के असर से उबर चुकी है। इससे उसे अपने पड़ोसियों पर ऐडवांटेज मिल गया है। चीन लगातार तीसरे साल इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहा है।

लेमाहियु के मुताबिक, अगर डोनाल्ड ट्रंप दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बनते हैं तो एशिया बिना अमेरिका के रहना सीख लेगा।

# लद्दाख के देमचोक सेक्टर में पकड़ा गया चीनी सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख के देमचोक सेक्टर से एक चीनी सैनिक को पकड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सोमवार सुबह यह सैनिक हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के हवाले से कहा कि सैनिक ने शायद अनजाने में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया। तय प्रोटोकॉल के तहत, उसे चीनी सेना के हवाले कर दिया जाएगा।

भारतीय सेना की तरफ से पूछताछ में यह जानने की कोशिश होगी कि यह अकेला सैनिक भारतीय सीमा में कैसे घुसा। क्या वह जासूसी के मकसद से आया था या रास्ता भटक कर, यह तय करने के बाद सेना अगला ऐक्शन लेगी। प्रोटोकॉल के अनुसार, अनजाने में सीमा पार करने वाले सैनिक को वापस भेज दिया जाता है।

**आमने-सामने हैं दोनों देशों की सेनाएंः** भारत और चीन की सेनाएं अप्रैल–मई से आमने–सामने हैं। पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के कई पॉइंट्स पर दोनों तरफ से तनातनी है। मुख्य तनाव बिंदुओं में देमचोक के अलावा पैंगोंग झील का उत्तरी और दक्षिणी तट, देपसांग का मैदानी इलाका शामिल हैं। सीमा पर दोनों तरफ से भारी संख्या में जवानों की तैनाती है। ऐसे वक्त में किसी चीनी सैनिक का अनजाने में सीमा पार करके चले आना बड़ी घटना है।

### मिसाल

■प्रोटोकॉल के तहत चीनी सेना के हवाले कर दिया जाएगा

भारत दिखाता आया है बड़ा दिल दोनों देशों के बीच की सीमाएं तय न होने की वजह से अक्सर ऐसे वाकये होते रहते हैं। भारत अनजाने में सीमा पार कर आए चीनी नागरिकों को सकुशल वापस भेजने में हिचकता नहीं। इसी तनाव के बीच एक चीनी जोड़ा रास्ता भटक गया था। सेना ने न सिर्फ उनको रास्ता दिखाया, बल्कि खाना खिलाया और पूरे वक्त उनका ध्यान रखा। हालांकि चीन इस मामले में भी तिकड़मबाजी से बाज नहीं आता।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# इकॉनमी को कैसे पूरी तरह बर्बाद करें, ये भारत में देखिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था के गोता लगाने और देश में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने भारत और उसके पड़ोसी देशों समेत कई एशियाई देशों में 2020 में जीडीपी ग्रोथ रेट और प्रति 10 लाख आबादी पर कोरोना से मरने वालों की संख्या की तुलना करने वाले एक ग्राफ को शेयर करते हुए ट्वीट किया कि देखिए इकॉनमी को किस तरह पूरी तरह बर्बाद किया जाता है और तेजी से अधिकतम लोगों को संक्रमित किया जाता है। राहुल ने जिन देशों के आंकड़े शेयर किए हैं, उनमें भारत की जीडीपी सबसे ज्यादा गिरी है। वही भारत प्रति 10 लाख आबादी पर कोरोना से मौत भी भारत में सबसे ज्यादा हुई है।

### राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला

भारत समेत 11 एशियाई देशों में 2020 के दौरान जीडीपी ग्रोथ और प्रति 10 लाख आबादी पर कोरोना से मौत के आंकड़ों का तुलनात्मक ग्राफ शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, इकॉनमी को पूरी तरह बर्बाद कैसे करें और तेजी से अधिकतम संख्या में लोगों को संक्रमित कैसे करें।